उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 624/2021........ ।। कार्यालय ज्ञाप ।। दिनांक /Date.: 06/09/2021

विषयः– वनआरक्षी (पदकोड–102) पद की शारीरिक दक्षता परीक्षा के संबंध में प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के संबंध में।

आयोग द्वारा उपरोक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा देहरादून में दिनांक 27 से 29 जुलाई, 2021 तथा हल्द्वानी में दिनांक 3 व 4 अगस्त, 2021 को डिजिटल तकनीक व उपकरणों के माध्यम से कराई गयी, सभी अभ्यर्थियों द्वारा इस परीक्षा की सराहना भी की गयी। इस परीक्षण का परिणाम 23 अगस्त,2021 को आयोग वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है।इस परीक्षण में तीन अभ्यर्थियों द्वारा आपत्ति प्रस्तुत की गयी जिन्हें संक्षेप रूप में निम्न तालिका में दिया जाता है।

क्र0सं0	अभ्यर्थी का नाम व अनुक्रमांक	आपत्ति संक्षेप में
1.	श्री विनोद सिंह पुत्र श्री मकर सिंह अनुक्रमांक–1208671733	वन आरक्षी पद की परीक्षा निर्धारित दौड में रेडियो चिप के पंजीकरण न होने व परीक्षा अवधि में दौड के संबंध स्पष्ट सूचना नही बताये जाने के कारण शारीरिक दक्षता परीक्षा के परिणाम के संबंध में शंका व्यक्त करना।
2.	श्री पंकज सिंह रावत पुत्र नेपाल सिंह रावत अनुक्रमांक – 1229671085	वन आरक्षी पद की परीक्षा में निर्धारित दौड अवधि से 30 सेकण्ड देरी से पूर्ण करने तथा दौड़ पूर्ण किये जाने की समयावधि कम होने के कारण सी0सी0टी0वी0 फुटेज चैक हेतु अनुरोध किया गया है।
3.	श्री विनोद कुमार मिश्रा पुत्र श्री ब्रहमानन्द मिश्रा अनुक्रमांक–1202671205	वन आरक्षी पद की परीक्षा में निर्धारित दौड को 17 लैप के आधार पर पूर्ण किये जाने एवं आयोग द्वारा की गयी गणना से अहमत तथा दौड की सी0सी0टी0वी0 रिकार्डिग बताने हेतु अनुरोध किया गया है।

क्रमांक–1. के अभ्यर्थी श्री विनोद सिंह जारी परिणाम के अनुरुप अर्ह घोषित हैं अतः उनके संबंध में कोई टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है।

क्रमांक–2. अभ्यर्थी श्री पंकज सिंह का यह कहना है कि उनके 17 लैप संभवतया समय से पूरे हुये हैं जबकि उन्हें 30 सेकण्ड अर्थात् 4 घंटे 30 सेकण्ड समय दिखाकर अनर्ह बताया गया है।

क्रमांक–3. अभ्यर्थी श्री विनोद कुमार मिश्रा ने यह आपत्ति दी है कि उन्होंने 17 लैप पूरे कर दौड़ समय से पूरी की गयी है किन्तु परिणाम में 16 लैप ही दिखाये गये है। जारी परिणाम के अनुरूप उन्होंने 3 घण्टे 51 मिनट 14 सेकेण्ड मे 16 ही लैप पूरे किये है। क्रमांक–2 व 3 की अपत्तियों के संबंध में यह स्पष्ट करना है, कि आयोग द्वारा इस दौड़ को Radio Frequency Identification (FRID) तकनीक से Identification कराया गया, जिसमें Track के 2 छोरों पर Digital Magnaitic Mat रखी गयी थी जिसमें FRID तकनीक से लैप (चक्कर) तथा समय की गणना सटीकता व विश्वसनीयता (Accuracy and Credibility)से की जाती है। राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय दोड़ौ में भी इस उच्च तकनीक का प्रयोग उनकी सटीकता व विश्वसनीयता के लिए किया जाता है।

अतः जारी परिणाम सर्वथा उचित पाया गया व उपरोक्त तालिका के क्रमांक 2 व 3 के अभ्यर्थियों की आपत्तियां बलहीन है व अस्वीकार की जाती है।

6/9/21
(संतोष बडोनी)
सचिव